**कार्यक्रम** मंचदीप के 47वें स्थापना दिवस पर कवि सम्मेलन का आयोजन, मंजर भोपाली को मिला नीरज सम्मान

# हर शेर, हर गीत पर गूंजती रही दर्शकों की तालियां



**नवभारत,जबलपुर।** शुक्रवार की शाम शहीद स्मारक सभागार, गोलबाजार में साहित्य, संवेदना और सुरों का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंचदीप के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में मशहूर शायर और गीतकार सैयद अली रजा मंजर भोपाली को राष्ट्रीय स्तर का नीरज सम्मान प्रदान किया गया। सभागार श्रोताओं से खचाखच भरा रहा और हर शेर, हर गीत पर देर तक तालियां गूंजती रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद पद्मभूषण गोपाल दास नीरज की स्मृति में दिए जाने वाले इस सम्मान से मंजर भोपाली को अलंकृत किया गया। सम्मान ग्रहण करते समय मंजर भोपाली ने कहा कि जबलपुर की साहित्यिक मिट्टी ने उन्हें हमेशा अपनापन दिया है। उनके चुनिंदा गीत-गजलों ने श्रोताओं को कभी मुस्कुराया तो कभी भावुक कर दिया।


### अतिथियों ने की सांस्कृतिक योगदान की सराहना

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, कार्यक्रम अध्यक्ष राजीव गुप्ता और सारस्वत अतिथि आचार्य भागवत दुबे की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया। वक्ताओं ने मंचदीप के 47 वर्षों के सांस्कृतिक योगदान की सराहना की और साहित्य को समाज की आत्मा बताया। इस अवसर पर आयोजन समिति और सहयोगियों में मंचदीप के संस्थापक एवं अध्यक्ष मथुरा जैन, संरक्षक अशोक मनोध्याय, संयोजक राजेंद्र सिंह, दिशा निर्देशक केके मुखर्जी, संरक्षक डॉ. अरविंद जैन, तथा राजेश परोहा, राजेश नेमा, प्रवीण विश्वकर्मा और मनीष खत्री आदि उपस्थित थे।

### सभागार में 'वाह-वाह' की सुनाई देती रही गूंज

कवि सम्मेलन में इरफान झांस्वी, अभय तिवारी, इंजीनियर विनोद नयन, सोहन सलिल और बालकवि अथर्वदीप ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। युवा बालकवि अथर्वदीप की प्रस्तुति पर विशेष रूप से श्रोताओं ने उत्साह जताया। हर रचना पर सभागार में 'वाह-वाह' की गूंज सुनाई देती रही। पूरी तरह नि:शुल्क रखे गए इस आयोजन में साहित्यप्रेमियों की भारी उपस्थिति रही। कार्यक्रम देर शाम तक चला और अंत में श्रोताओं ने खड़े होकर कवियों का अभिनंदन किया।

### इनका कहना है




मंचदीप ने 47 वर्षों में साहित्य और संस्कृति को जीवित रखने का जो कार्य किया है, वह अनुकरणीय है। आज की शाम उसका प्रमाण थी।

**डॉ रानू रुही**



मंजर साहब की गजलें सुनकर लगा जैसे शब्द दिल से बात कर रहे हों। यह शाम लंबे समय तक याद रहेगी।

**डॉ विनीता पांडे**



ऐसे मंच विरले होते हैं जहां कवि और श्रोता एक-दूसरे से सीधे जुड़ते हैं। आज की महफिल यादगार बन गई।

**अशोक मनोध्या**



मंचदीप का 47वां स्थापना दिवस न केवल साहित्यिक कार्यक्रम था, बल्कि एक भावनाओं और संवेदनाओं का जादुई संगम था।

**एड. तृप्ति त्रिवेदी**



# राष्ट्र निर्माण की यज्ञशाला है राष्ट्र सेविका समिति : हिमांशी सिंह

**मकर संक्रांति उत्सव व शाखा संगम में 19 शाखाओं का संगठित प्रदर्शन**

**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्र सेविका समिति जबलपुर महानगर द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल मैदान में आयोजित मकर संक्रांति उत्सव एवं शाखा संगम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल एवं राष्ट्रीय विचारक हिमांशी सिंह ने कहा कि 'राष्ट्र सेविका समिति राष्ट्र निर्माण की यज्ञशाला है और नारी में पूरी पीढ़ी को सुधारने की क्षमता है।' उन्होंने सशक्त चरित्र, निर्भय नारी और सांस्कृतिक मूल्यों को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया।

मुख्य वक्ता वंदनीय प्रमुख संचालिका शांताकाजी ने कहा कि 'व्यक्ति निर्माण से ही समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव है।' उन्होंने अनुशासन, सात्विक जीवन, कर्तव्य पालन और संगठित कार्यशैली पर बल दिया। प्रांत कार्यवाह (महाकौशल) सुमेधा पाल भी मंचासीन रहीं। कार्यक्रम में मौसीजी के योगदान का स्मरण किया गया तथा बताया गया कि समिति विगत 90 वर्षों से संस्कार, सेवा, समरसता और राष्ट्रभक्ति का कार्य कर रही है। इस अवसर पर जबलपुर महानगर की 19 शाखाओं का संगम हुआ। समारोह में स्वामी अखिलेश्वरानंद, स्वामी मुकुंददास, रामजी शरण, प्रकाशानंद, प्रांत प्रचारक बृजकांतजी, डॉ. कैलाश गुप्ता, सुषमा नायक, संगीता आल्वेंद्र, मंजरी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। आभार रितु सिंह ने व्यक्त किया।




# जनजातीय किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**300 उन्नत चूजों का वितरण, 85 पशुओं का उपचार**

**नवभारत,जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंस एवं पशुपालन, जबलपुर द्वारा जनजातीय उपयोजना के तहत ग्राम गदर, विकासखंड नारायणगंज, जिला मंडला में पशु स्वास्थ्य शिविर, जनजातीय पोल्ट्री किसानों हेतु प्रशिक्षण एवं चूजा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कुलपति प्रो. (डॉ.) मंदीप शर्मा के मार्गदर्शन में, अधिष्ठाता डॉ. आर. के. शर्मा के नेतृत्व तथा निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. सुनील नायक के समन्वय से संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 जनजातीय महिला किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का संचालन डॉ. अनिल शिंदे ने किया। इस दौरान डॉ. लक्ष्मी चौहान ने शीत ऋतु में पक्षी प्रबंधन, डॉ. शिल्पा गजभिये ने पोल्ट्री रोग एवं रोकथाम, डॉ. हरि आर. ने विपणन व आयवर्धन, डॉ. अनिल शिंदे ने चूजा प्रबंधन तथा डॉ. आकांक्षा सिंह ने उन्नत नस्ल चयन पर जानकारी दी। पशु स्वास्थ्य शिविर में डॉ. हरि आर. के नेतृत्व में 85 पशुओं का उपचार किया गया एवं जनजातीय किसानों को खनिज मिश्रण वितरित किया गया। साथ ही एफएफपी परियोजना अंतर्गत 15 भूमिहीन जनजातीय किसानों को नर्मदा निधि नस्ल के 300 उन्नत चूजे वितरित किए गए।

## वीयू - ऑल ब्रीड ओपन डॉग शो 23 को

**नवभारत,जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा के दिशा-निर्देशन एवं डॉ. राजेश कुमार शर्मा, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के मार्गदर्शन में 13वीं ऑल ब्रीड ओपन डॉग शो एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 23 जनवरी 2026 (शुक्रवार) को पशु चिकित्सा महाविद्यालय परिसर मैदान, जबलपुर में आयोजित होगा। इस संबंध में 8 जनवरी 2026 को आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, आवश्यक व्यवस्थाओं तथा आयोजन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतियोगिता में सभी नस्लों के कुत्तों को भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

# ब्लड कैंसर व किडनी रोगों की पहचान में मॉलिक्यूलर पैथोलॉजी बनेगी वरदान


**आईएपीएम के मध्यप्रदेश चैप्टर का 16वां वार्षिक सम्मेलन प्रारंभ**



**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय पैथोलॉजिस्ट एवं माइक्रोबायोलॉजिस्ट संघ (आईएपीएम) के मध्य प्रदेश चैप्टर के 16वें तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन की शुरुआत शुक्रवार को प्री-कार्यशाला के साथ हुई। न्यू अकादमिक ब्लॉक में आयोजित इस कार्यशाला में मॉलिक्यूलर पैथोलॉजी, प्रतिरक्षा-प्रदीप्ति तकनीक और द्रव-आधारित साइटोलॉजी जैसी आधुनिक जांच विधियों से कैंसर, किडनी व त्वचा रोगों के सटीक और शीघ्र निदान पर विस्तार से चर्चा की गई। पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. संजय तोतड़े ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में पैथोलॉजी रीढ़ की हड्डी है और नई तकनीकों के उपयोग से उपचार की गति और सटीकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। डीन डॉ. नवनीत सक्सेना ने अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त बजट की आवश्यकता पर जोर दिया। ब्लड कैंसर पर वाराणसी से आए डॉ. अविनाश गुप्ता तथा टाटा मेमोरियल केंद्र, कोलकाता के डॉ. मयूर परिहार ने बताया कि फ्लो साइटोमेट्री, साइटोजेनेटिक्स और मॉलिक्यूलर पैथोलॉजी के माध्यम से सटीक निदान संभव है। किडनी व त्वचा रोगों पर डॉ. अतीन सिंघई (किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ) ने प्रतिरक्षा-प्रदीप्ति तकनीक की उपयोगिता बताई। वहीं महिला स्वास्थ्य से जुड़े सत्र में डॉ. सीमा दयाल (उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई) ने द्रव-आधारित साइटोलॉजी को सर्वाइकल कैंसर जांच में क्रांतिकारी बताया। सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन शनिवार को मध्य प्रदेश चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक खंडेलवाल द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ. अरविंद शर्मा एवं प्रभारी डीन डॉ. राजेश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। दूसरे दिन डॉ. पारुल जैन, डॉ. दीप्ति चौरसिया, डॉ. रीना दास, डॉ. अपर्णा जयराम, डॉ. अनिल सिंघई, डॉ. सचिन बंसल, डॉ. अरुणा नम्बीराजन और डॉ. अर्जुन सिंह अपने शोध और अनुभव साझा करेंगे।

### ए एक नजर में

## खलीफा गनेश जायसवाल स्मृति समारोह आज



**नवभारत,जबलपुर।** देशी व्यायाम पद्धति के पक्षधर, संरक्षक खलीफा गनेश जायसवाल का स्मृति जन्मोत्सव आज शनिवार 10 जनवरी को सिटी काफी हाउस, करमचंद चौक सभागार में अपरान्ह 3.30 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित है । पी एम जी शिक्षा - कला शोध समिति ने उपस्थिति की अपील की है ।

## प्रो . व्ही . के . तिवारी बने विभागाध्यक्ष



**नवभारत,जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर प्रो.व्ही. के. तिवारी को पोस्ट हार्वेस्ट प्रोसेस एंड फूड इंजीनियरिंग विभाग' के विभागाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रो. तिवारी को विभागाध्यक्ष पद के दायित्व मिलने पर प्राध्यापक, वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारियों ने शुभकामनाएं एवं बधाईयां प्रेषित की है।




## छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा शुक्रवार को तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं का रानी दुर्गावती मुर्गीपालक समिति मर्यादित, डिंडोरी का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। यह भ्रमण भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्तपोषित अनुसूचित जाति उपयोजना के अंतर्गत परियोजना प्रमुख डॉ. रुचि सिंह एवं डॉ. प्रमोद के नेतृत्व में आयोजित हुआ। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा ने भ्रमण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला । छात्रों ने देखा कि कैसे 35 आदिवासी महिलाओं का समूह 500 महिलाओं का सफल किसान उत्पादक संगठन बन चुका है। समिति एवं एफपीओ की कार्यप्रणाली की जानकारी डॉ. अंशिका पांडे ने दी, वहीं मुर्गी फार्म प्रबंधन पर समिति सदस्य श्रीमती दीपा एवं श्रीमती चंद्रकली ने अनुभव साझा किए। भ्रमण के दौरान छात्रों को सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन जैसी प्रसार शिक्षा की व्यावहारिक विधियों का प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन डॉ. आर.के. शर्मा एवं निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. सुनील नायक के सहयोग से संपन्न हुआ।

# 250 से अधिक पुलिस कर्मियों और परिवारजनों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**एसपी की पहल पर नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित**



**नवभारत,जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय की पहल पर पुलिस कन्ट्रोल रूम में पुलिस कर्मियों और उनके परिवारजनों के लिए नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 250 अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्यों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया और नि:शुल्क दवाइयां प्राप्त कीं। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन तिवारी फाउंडेशन की अध्यक्ष सुशीला तिवारी, शैलेंद्र तिवारी, राजेश तिवारी एवं उनकी टीम के सहयोग से किया गया, जिसमें मेडिकल कालेज, विक्टोरिया अस्पताल, मैट्रो प्राईम अस्पताल, श्री शुभम अस्पताल, दादा वीरेन्द्रपुरी जी आई इंस्टिट्यूट, गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक कैलाशपुरी, जबलपुर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर, योगी होम्योपैथिक, डेंटल स्क्वेयर और लाईफ मेडिसिटी ने योगदान दिया। शिविर में डॉ. हितेश जयसवाल, डॉ. पियूष पाटीदार, डॉ. गणेश सूरकर, डॉ. रामनरेश, डॉ. संजय पटेल, डॉ. मयंक पटेल, डॉ. विपिन यादव, डॉ. आभा दीवान, डॉ. अंकित राय, डॉ. रवि शंकर और ऑप्टेमैट्रिक आकाश दीक्षित ने हृदय, रक्त शर्करा, लिपिड प्रोफाइल, ब्लड प्रेशर, थायरॉइड व किडनी सहित अन्य परीक्षण किए। शिविर के समापन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा और रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य ने चिकित्सकों और सहयोगी टीम को धन्यवाद दिया। विशेष योगदान के लिए रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य, कन्ट्रोल रूम प्रभारी उप निरीक्षक सतीष झारिया और पुलिस लाईन की सूबेदार प्रतिभा सिंह ठाकुर की सराहना की गई।



## जबलपुर ने जीती वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**जबलपुर, नवभारत।** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल जबलपुर द्वारा खेल भावना, शारीरिक दक्षता एवं विभिन्न बलों के मध्य आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतर एजेंसी वॉलीबॉल प्रतियोगिता स्मैश 6.0 का सफल आयोजन सीआईएसएफ कैम्प, डुमना जबलपुर में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न इकाइयों की चार टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी टीमों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं उच्च प्रतिस्पर्धात्मक भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता की उपस्थिति में टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सीआईएसएफ एवं रेलवे सुरक्षा बल जबलपुर के मध्य खेला गया, जो अत्यंत रोमांचक रहा और दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रेलवे सुरक्षा बल जबलपुर ने फाइनल मैच में विजय प्राप्त कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।




## स्टार ऑटोमोबाइल्स में महिंद्रा की दो नई एसयूवी लॉन्च

**नवभारत,जबलपुर।** महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने अधिकृत डीलर स्टार ऑटोमोबाइल्स, जबलपुर के माध्यम से एक भव्य समारोह में अपनी दो अत्याधुनिक एसयूवी — महिंद्रा एक्सयूवी 7एक्सओ और महिंद्रा इलेक्ट्रिक एक्सईवी 9एस की लॉन्चिंग हुई। लॉन्च से पहले ही दोनों वाहनों को जबरदस्त प्रतिसाद मिला और 100 से अधिक ग्राहकों ने प्री-बुकिंग कराई। इन वाहनों की औपचारिक बुकिंग 14 जनवरी से प्रारंभ होगी। एक्सयूवी 7एक्सओ में अत्याधुनिक कनेक्टिविटी, ट्रिपल स्क्रीन डिस्प्ले, प्रीमियम साउंड सिस्टम, उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ, शक्तिशाली पेट्रोल व डीज़ल इंजन तथा आल-व्हील ड्राइव विकल्प उपलब्ध हैं। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर अन्नू, सांसद आशीष दुबे, महिंद्रा क्षेत्रीय कार्यालय से श्रीकांत राय, निहिल खरे, श्रीयश चेपेकर, स्टार ऑटोमोबाइल्स के डायरेक्टर रेवत सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ललित किशोर, महाप्रबंधक शैलेंद्र पांडेय सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं स्टार ऑटोमोबाइल्स परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

**प्रदर्शनी** जनशिक्षा केन्द्रों से चयनित विद्यार्थियों ने की विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सहभागिता

# विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा





**नवभारत,जबलपुर।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश अनुसार नगर शिक्षा केन्द्र एक में विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के मुख्य आतिथ्य एवं डाइट प्राचार्य अजय दुबे के विशिष्ट आतिथ्य में एमएलबी स्कूल में किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन, वंदना एवं दीपप्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्यअतिथि जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने विकासखंड स्तर तक पहुंचने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा मिलता है, छात्रों में स्वयं करके सीखने की प्रवृत्ति विकसित होती है। विज्ञान प्रदर्शनी विज्ञान,गणित, पर्यावरण, सामाजिक विज्ञान विषयों पर आधारित है। शाला स्तर से चयनित छात्र-छात्राओं ने जनशिक्षाकेंद्र स्तर पर एवं जन शिक्षा केंद्र स्तर से चयनित 38 छात्र-छात्राओं ने विकासखंड स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी में सहभागिता की। विज्ञान प्रदर्शनी में बीआरसी डीसी अहिरवार, बीएसी अजय रजक,संतोष ठाकुर रश्मि कौशिक, वर्षा जायसवाल, अजय सिंह ठाकुर, विशंभर गर्ग, प्रदीप पटेल, अलकाकोरी, राखी असाटी, पंकज अग्रवाल, सलेहा खान,सुरेंद्र रिछारिया, आशीष विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक,छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बीएसी अजय रजक ने किया।

### विद्यार्थियों ने बनाए आकर्षक मॉडल

विद्यार्थियों द्वारा उत्साह पूर्वक सहभागिता कर गणित, विज्ञान, पर्यावरण, सामाजिक विज्ञान, इतिहास, भूगोल विषयों पर आधारित प्रमुख रूप से सौरमंडल, विद्युत उत्पादन,जल संरक्षण, जल चक्र, पारिस्थितिक तंत्र,मानव श्वसनतंत्र, भूकंप, ज्वालामुखी, संख्या रेखा, गणित के कंप्यूटेशनल सोच पर आधारित, ज्यामिति आकृतियां, द्विविमीय, त्रिविमीय आकृतियां, संतुलित आहार, भोजन के स्रोत, पर्यावरण संरक्षण,अपशिष्ट प्रबंधन,आदि पर आधारित मॉडल बनाए गए।